जयंती | लाठी-तलवार प्रदर्शन ने बांधा समां

# हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली गई शोभायात्रा



**नवभारत,पनागर।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल महाबली प्रखंड पनागर द्वारा हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर भव्य शोभा यात्रा एवं भंडारा प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। शोभा यात्रा बस स्टैंड पनागर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई सम्पन्न हुई। शोभा यात्रा में जय श्रीराम और बजरंगबली के जयकारों से पूरा नगर भक्तिमय हो उठा। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में युवाओं और मातृशक्ति का विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में बंटी पटेल, नितिन ठाकुर, रोहित साहू,सचिन पांडे, सतीश मिश्रा, भोला गोटियां, संदीप साहू, भूरा धर्मेश कुशवाहा, दिनेश केवट, बलराम ठाकुर, प्रहलाद कुशवाहा, गणेश प्रजापति, सुमित सेन, राजा सेन, अनुराग लखेरा, शिवम् कुशवाहा, अजय तिवारी, प्रवेश दाहिया ,अजय पटेल एवं ठाकुर सहित अनेक कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसके साथ ही ओम ठाकुर, कुलदीप पटेल, दामोदर पटेल, लक्ष्मी पटेल तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से दीपक तिवारी, दीप रजक, विक्रांत सोनी, अनमोल लखेरा एवं बाल स्वयंसेवकों की टोली की सक्रिय भागीदारी रही।

### मातृशक्तियों ने किया लाठी-तलवार से प्रदर्शन

कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी की संयोजिका निकिता केवट, हेमलता कुशवाहा, रागिनी यादव, मानसी दुबे सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी की बहनों ने लाठी एवं तलवार का जोरदार प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। साथ ही बजरंग दल के अखाड़ा द्वारा भी आकर्षक प्रदर्शन किया गया, जिसने दर्शकों में उत्साह भर दिया । कार्यक्रम में शैलेंद्र साहू, दुर्गेश बर्मन, प्रहलाद पटेल, अतुल सैनी, रोशन तिवारी, संजय विश्वकर्मा, विनीत सोधिया सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी उपस्थित रहे एवं प्रसाद ग्रहण किया।कार्यक्रम के सफल संचालन में पुलिस प्रशासन का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा, जिसके लिए संगठन द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



# मझौली में हनुमान जन्मोत्सव पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

▸ शोभायात्रा से भक्तिमय हुआ नगर

**नवभारत,मझौली।** संकटमोचन हनुमान भगवान के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर मझौली नगर भक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। नगर के जबलपुर रोड स्थित पावन पुत्र आश्रम से एक भव्य एवं विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा का शुभारंभ पावन पुत्र आश्रम में विशेष पूजन-अर्चन और आरती के साथ हुआ। यहाँ से गाजे-बाजे और डीजे की धुन पर 'जय श्री राम' और 'जय हनुमान' के जयकारों के साथ जुलूस आगे बढ़ा। शोभायात्रा में शामिल आकर्षक झांकियों और अखाड़े के प्रदर्शन ने नगरवासियों का मन मोह लिया। शोभायात्रा जैसे ही बस स्टैंड और पुरानी बाजार क्षेत्र में पहुँची, स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों द्वारा पुष्प वर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए शीतल जल, शरबत और प्रसाद की व्यवस्था भी की गई थी। भक्ति का दृश्य: 'हाथों में भगवा ध्वज लिए युवाओं की टोली और भक्ति भजनों पर झूमते श्रद्धालुओं ने पूरे वातावरण को धर्ममय बना दिया। पुरानी बाजार पहुँचते-पहुँचते शोभायात्रा एक विशाल जनसमूह में तब्दील हो गई।'

### सुरक्षा के कड़े इंतजाम

उत्सव के दौरान शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा। प्रमुख चौराहों पर पुलिस बल तैनात रहा ताकि यातायात बाधित न हो और श्रद्धालु सुगमता से यात्रा का आनंद ले सकें। हनुमान जन्मोत्सव की इस शोभायात्रा ने एक बार फिर मझौली में आपसी भाईचारे और गहरी आस्था का अनुपम उदाहरण पेश किया है।



## श्रीराम कथा का सुकरी मंगेला में समापन

**नवभारत, सुकरी ।** रेल्वे स्टेशन सुकरी मंगेला के पास चल रही राम कथा के समापन दिवस के अवसर पर हजारों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने पूज्य संत एवं कथा व्यास श्री राम सरण जू महराज का अभिवादन किया एवं आर्शीवाद लिया । हवन कार्यक्रम के बाद सभी भक्तों ने भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया और पुण्य लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर बबलू सिंह राजपूत, तारन सिंह राजपूत, पप्पू जायसवाल, गेंद लाल ,भानु ,अमित सिंह राजपूत ,कल्लू जायसवाल सहित बड़ी संख्या में भक्तजनों की उपस्थिति रही। देवीसिंह पटेल शिक्षक निखिल, जायसवाल अभी राजपूत रवि जायसवाल द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# कीचड़ के ऊपर डाला जा रहा बेस

▸ ग्रामीणों ने जताई आपत्ति



**नवभारत, सुकरी।** सुकरी, मंगेला के पास स्थित टेमर नदी में बन रहे स्टॉप डेम की गुणवत्ता पर स्थानीय ग्रामीणो ने आवाज उठाई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि करीब एक करोड़ की लागत से बन रहे स्टॉप डेम में जो बेस डाला जा रहा है वो कीचड़ के ऊपर ही डाल दिया गया है। जो कि बेहद गलत है। ग्रामीणों की माने तो इस डेम से आसपास के करीब 7 गांवों के किसानों को पानी की सुविधा उपलब्ध होगी और अगर गुणवत्ता का ध्यान नहीं दिया गया और ये डेम बारिश के पहले ही फूट गया तो स्थानीय ग्रामीणों को कोई फायदा नहीं मिलेगा। लोगों ने स्पष्ट मांग की है कि डेम को मजबूती से बनाया जाए और इसका बेस मजबूत बनाया जाए। मौके पर मौजूद कीचड़ को पहले हटाया जाए और फिर मजबूती से बेस डालने की बात ग्रामीणों ने जिम्मेदारों से की है। वहीं जिम्मेदार कंपनी के मैनेजर ने ग्रामीणों को बताया है कि उनकी ड्राइंग में 10 एमएम की सरिया एवं 9 मीटर बेस के 16 गेट रहेंगे ।

## भण्डारे का आयोजन 5 को

**पनागर,नवभारत।** छोटी खेरमाई मंदिर पनागर में विगत 48 वर्षों से चली आ रही धार्मिक परंपरा के तहत इस वर्ष भी जवारे कलश स्थापना एवं 9 दिवसीय अखंड रामायण पाठ का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हुआ।

इस पावन अवसर पर मंदिर समिति द्वारा विशाल भण्डारे का आयोजन किया जा रहा है। यह भण्डारा दिनांक 5 अप्रैल दिन रविवार को दोपहर 1 बजे से रात्रि 9 बजे तक आयोजित होगा। आयोजन समिति ने क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं एवं नागरिकों से सादर आमंत्रण देते हुए अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

आयोजक छोटी खेरमाई मंदिर पनागर (जबलपुर) ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी भण्डारे में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं, ताकि सभी भक्तगण शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से प्रसाद ग्रहण कर सकें। धार्मिक आस्था और सामूहिक सहभागिता के इस आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है।



## हनुमान मंदिरों में देर रात हुई महाआरती, सुंदर कांड

**नवभारत,बेलखाडू।** हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर मोहास में स्थित हनुमान मंदिर में भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सरपंच गौरी शंकर पटेल, सुशील तिवारी, मिथलेश पटेल, कपिल पटेल, रवि पटेल, मनोज पटेल, जतिन उपाध्याय, महेश पटेल, महेश प्रधान सहित ग्राम के सैकड़ों महिला पुरुष उपस्थित रहे।

इसी प्रकार ग्राम बजरंग नगर पड़ाव स्थल पर स्थित हनुमान मंदिर में भव्य महाआरती का आयोजन मोहल्ले के लोगों ने मिलकर रखा। महाआरती दौरान शास्त्री अमित महाराज, जितेंद्र लडिया गुड्डू, शिव कुमार झारिया,रोहित मेहरा, जयदीप सिंह ठाकुर,अमन प्रजापति, चीनू चौधरी, बिहारी लाल, मनकु लडिया सहित अनेकों महिलाएं पुरुष बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। यही मोहल्ले में हनुमान मंदिर में संगीतमय सुंदर कांड पाठ भी काफी देर रात तक चलता रहा। दोनो ग्रामों में कार्यक्रम दौरान एकता व उत्साह दिखाई दिया।

## मंत्री अनुप्रिया पटेल का आगमन आज

**जबलपुर।** केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण व रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल का शनिवार 4 अप्रैल को सुबह 7.25 बजे निजामुद्दीन-जबलपुर एक्सप्रेस द्वारा नई दिल्ली से जबलपुर आगमन होगा। श्रीमती पटेल यहां सुबह 10.30 बजे से दोपहर 1 बजे तक दाऊ मैरिज गार्डन महाराजपुर में अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा द्वारा आयोजित 46वें राष्ट्रीय महाधिवेशन एवं पांचवे महिला महाधिवेशन में शामिल होंगी। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद शाम 7.30 बजे वायुयान द्वारा नई दिल्ली प्रस्थान करेंगी।



## सीनियर महिला संभागीय क्रिकेट टीम घोषित

**जबलपुर, नवभारत।** जबलपुर संभागीय क्रिकेट संघ के सचिव सुशील रजक द्वारा ने बताया कि मध्यप्रदेश क्रिकेट संघ के द्वारा सीनियर बालिका वर्ग की जे.एन.भाया संभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता हेतु टीम घोषित कर दी गई है। यह प्रतियोगिता 20 अप्रैल से इंदौर संभाग मे खेली जायेगी। जबलपुर संभाग के मैच ग्वालियर संभाग, भोपाल संभाग, रीवा संभाग और उज्जैन संभाग के साथ खेले जायेंगे।

यह मैच 20, 21, 22 और 23 अप्रैल को खेले जायेंगे वही फाइनल मैच 25 अप्रैल को इंदौर संभाग मे खेला जायेगा। घोषित की गई टीम में सुचि उपाध्याय, मुस्कान विश्वास, सृष्टि नागपूरे, सान्या चौरसिया, आफिया खान, पायल बाल्मीकि, भूमि पटेल, पूर्वी सिंह राजपूत, मोनिका पवार, ऋषिका जैन , छवि झा, प्रांजली दुबे, सोनाली रजक, आर्या चौधरी, माधुरी पासी, रागिनी सिंघारे को शामिल किया गया है।

फुटबाल | अंडर 15 यूथ लीग फुटबाल प्रतियोगिता

# मंडला एफसी और डायमंड रॉक ने जीते मैच



**नवभारत,जबलपुर। मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ के तत्वाधान में खेली जा रही अंडर 15 यूथ लीग फुटबाल प्रतियोगिता बॉयज में शुक्रवार को पहला मैच नर्मदा एफसी मंडल एवं मदन महाराज भोपाल के बीच खेला गया।**

खेल की खेल के 10 मिनट में मदन महाराज ने पहला गोल किया नर्मदा मंडल प्रयास करती रही परंतु सफलता नहीं मिली एवं खेल के 30 वे मिनट में मदन महाराज ने दूसरा गोल किया मध्यांतर तक मदन महाराज भोपाल 2 गोल से आगे रही मध्यांतर के पश्चात् मंडला बराबर करने का प्रयास करती रही खेल के 50 मिनट में मंडला ने पहला गोल किया खेल के 60 मिनट में मंडला ने दूसरा गोल कर स्कोर 2 2 कर दिया खेल के 65 मिनट में मंडला ने तीसरा गोल किया खेल के 80 मिनट में मंडला ने 4 गोल किया अंत में मंडला एफसी 4 - 2 विजय रही बताया कि विगत दिनों बालाघाटमें खेले फेस 1 लीग मैच में पहला स्थान डायमंड रोक बालाघाट 2 मदन महाराज 3 मंडला एवम 4 था स्थान स्टेम फील्ड को प्राप्त हुआ है ।

### फेस 2 के मैच जबलपुर में 15 अप्रैल तक खेले जायेंगे

दूसरा मैच स्टेम फेल्ड एफसी एवम डायमंड रोक बालाघाट के साथ खेला गया मैच शुरू होते ही दोनो टीम गोल करने का प्रयास करती रही परन्तु खेल के 10 मिनट में डायमंड रोक ने पहला गोल किया स्टेम फील्ड बराबर करने का प्रयास करती रही परन्तु खेल के 35 मिनट में डायमंड रोक ने दूसरा गोल किया मध्यांतर तक डायमंड रोक 2 गोल से आगे रही मध्यांतर के पश्चात् स्टेम फील्ड गोल करने का प्रयास करती रही खेल 60 मिनट में डायमंड रोक ने 3 गोल किया खेल के 80 मिनट में डायमंड रोक ने 4 गोल किया स्टेम फील्ड गोल करने का प्रयास करती रही परन्तु सफलता नहीं मिली अंत मे डायमंड रोक 4 0 से विजय रही।

# स्टाइल बॉयज से जीता मैच




**नवभारत,जबलपुर।** ओलंपिक स्टेडियम खमरिया में नर्मदा इलेवन डुमना और स्टाइल बॉयज के बीच मैच खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित दस ओवर में नर्मदा इलेवन डुमना ने 32 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते उतरी स्टाइल बॉयज की टीम ने 3.1 ओवर में 33 रन बनाकर मैच 9 विकेट से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरूस्कार तुषार को दिया गया। अंपायर की भूमिका रोहित सेठ और विकास ने निभाई वहीं स्कोरर की नितेश और कमेंटेटर की गौतम ने निभाई। इस मौके पर खेल समिति अध्यक्ष निखिल सुमन और सचिव विनय चवारे और समस्त यूनियन पदाधिकारी गण और ग्राउंड कमेटी सदस्य किसान, जय कुमार, बबलू कुमार उपस्थित रहे।

## अंडर 18 लड़कियों की क्रिकेट टीम घोषित

**जबलपुर, नवभारत।** जबलपुर संभागीय क्रिकेट संघ के सचिव सुशील रजक द्वारा बताया गया कि मध्यप्रदेश क्रिकेट संघ के द्वारा बालिका वर्ग 18 की संभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता हेतु टीम घोषित कर दी गई है। यह प्रतियोगिता दिनांक 8 अप्रैल से ग्वालियर संभाग मे खेली जायेगी जबलपुर संभाग के मैच ग्वालियर संभाग, भोपाल संभाग, इंदौर संभाग और शहडोल संभाग के साथ खेले जायेंगे। मुक़ाबले 8, 9, 10 और 11 अप्रैल को खेले जायेंगे और फाइनल मैच 13 अप्रैल को ग्वालियर संभाग मे खेला जायेगा। घोषित की गई टीम में अन्वी बडथ्वाल, अन्वी महाजन नरसिंहपुर, आलवी मेश्राम, शान्वी उपाध्याय, अभ्या ठाकुर, प्रियांशी सिंह (कटनी), जानवी राय, नैना शर्मा, अपर्णा गुप्ता (कटनी), भूमि मिश्रा, भूमि सिंह, एलीनो इम्मानूएली लुईस, खुशी यादव, विदुषी गौतम और श्रद्धा धुर्वे को शामिल किया गया है।

## विनोद कोष्टा का निधन



**जबलपुर।** नर्मदा नगर गोहलपुर निवासी विनोद कोष्टा का 64 वर्ष की आयु में निधन हो गया है,आप शैलेश कोष्टा के पिताजी, निहाल कोष्टा के चाचाजी एवं जितेंद्र कोष्टा के ससुरजी थे । अंतिम संस्कार रानीताल शमशान में किया गया।